मुझे खुशी होती यदि प्रसार भारती विधेयक, जो आर्डीनेंस के रूप में आया अगर उसके गठन के १० महीनों तक जो उसने काम किया, जिसको एक्शन टेकन रिपोर्ट कहते हैं, वह भी आती। उसने किस तरह से काम किया, प्रसार भारती को गठित करने की जो मंशा थी, यदि वह भी सरकार के सामने होती, तो इस विधेयक पर बहुत साफगोई से बहस हो सकती थी। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि वह प्रस्तुत नहीं किया गया है और हमारे बहुत से माननीय सदस्य कह रहे थे, जयपाल जी कह रहे थे, चाको साहब कह रहे थे कि एक व्यक्ति को लक्षय रखकर यह विधेयक आया है। १०वीं लोक सभा को याद कीजिए, जब एक व्यक्ति को ही लक्षय कर इस संसद में पहली बार भारत के महाधिवक्ता को बुलाकर इस देश के जो मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई हो सकती है, इस संसद ने सुनने का काम किया था। जब कोई संस्था इस तरह एक व्यक्ति द्वारा बर्बाद की जाए, तो उसे संज्ञान में लेने की नैतिक जिम्मेदारी संसद की है और संसद को नैतिक जिम्मेदारी लेना चाहिए। इसलिए एक व्यक्ति निशाने पर है, यदि ऐसा आरोप है, तो मैं इस आरोप में कोई दम नहीं मानता हूं। यदि एक व्यक्ति विशेष से इतनी बड़ी संस्था को बर्बाद करने का कोई प्रयास होगा जिसके ५ हजार करोड़ के असैट हैं, जिसका ३५० करोड़ रुपए का सालाना बजट है, जिसका देश के ऊपर समाज के ऊपर दूरगामी प्रभाव पड़ने वाला है, उसको औटोनामी के नाम पर संसद के प्रति जवाबदेही से अलग कर देना, मैं समझता हूं कि यह लोक तंत्र और संसदीय लोक तंत्र की मर्यादाओं और धारणाओं के विपरीत है। ऐसा काम नहीं होना चाहिए। इसलिए इस विधेयक द्वारा जवाबदेही के लिए एक प्रयास किया गया है। इसलिए भी मैं इसका समर्थन करात हूं।

सभापति महोदय, मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। मेरा पहला सुझाव यह है कि १७०० लोग प्रसार भारती से १० महीनों में निकाल दिए गए। पिछले १० महीनों में प्रसार भारती बोर्ड की बैठकें नहीं हुईं। उसके सदस्यों को अपमानित किया गया। लोगों ने उसमें जाना बन्द कर दिया। यदि इसी तरह से उसकी कार्यवाही चलनी है, तो इसके बारे में आपको सोचना पड़ेगा। कहा जाता है कि बी.बी.सी.एक औटोनौमस बाड़ी है। बी.बी.सी. भी एक पालिसी फ्रेम वर्क के अंदर काम करती है। औटोनौमी के नाम पर कोई भी औटोनौमस बाड़ी, जो हमारे संविधान की मर्यादा है, जो हमारे संविधान के द्वारा पालिसी फ्रेम वर्क तैयार किया हुआ है, उसके खिलाफ जाने का काम नहीं कर सकती और यदि वह हो जाता है, तो उसके ऊपर किसकी निगरानी रहे, यह हम केवल सरकार के ऊपर नहीं छोड़ सकते। उस निगरानी का दायित्व संसद का है, ऐसी मेरी मान्यता है। सरकारें आएंगी, सरकारें जाएंगी, लेकिन संसदीय लोक तंत्र में सर्वोच्चता संसद की ही है। इसलिए उस फ्रेम वर्क के भीतर औटोनौमस बाडी काम करती है या नहीं, यह देखने का दायित्व संसद का होना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि ६० फीसदी काम जो हमारा इलैक्ट्रानिक मीडिया है, उसके ऊपर है। हमारी सभ्यता, हमारी शिक्षा, हमारी कला, हमारा साहित्य, इनकी हिफाजत का विशेष दायित्व हमारे प्रसार भारती बोर्ड के ऊपर है। मुझे कहते हुए अफसोस हो रहा है कि हम अपनी सारी दृष्टि, हम अपना सारा दृष्टिकोण उसके द्वारा जो प्रसारित होने वाला समाचार है, उसी के ऊपर टिक कर हम प्रसारण माध्यमों के ऊपर पूरी बहस करने लगते हैं।

पिछले दस महीने में साहित्य, कला और संस्कृति में लगे हुए लोगों की कितनी उपेक्षा हुई है, इसका एक खाका इस सदन के सामने रखना चाहिए। मुझे कहते हुए अफसोस हो रहा है कि जब इस देश में राजाओं का समय था, तो विभिन्न विधाओं के संगीतकारों, कलाकारों का पालन उनके राजमहल में होता था। लेकिन उनके खत्म होने के बाद आकाशवाणी ने इस तरह के संगीतकारों, कलाकारों को इस देश में जीवित रखने का काम किया। खास तौर से इस देश को जिनके ऊपर गर्व है -- इस देश के शहनाई वादक बिसमिल्ला खां, आकाशवाणी की ही देन हैं। ऐसे कई कलाकार, साहित्यकार, संगीतकार आकाशवाणी की देन हैं। आप मीडिया के जरिये उस चीज़ को खत्म करने का काम कर रहे हैं, इसके ऊपर पर हमें सोचने की आवश्यकता है और आज हम जब इसको पास कर रहे हैं तो इसका क्या पॉलिसी फ्रेमवर्क हो इस बारे में हमें बात करनी चाहिए और एक सिलसिले की शुरूआत इन प्रचार माध्यमों के द्वारा कैसे हो, यह भी तय करना चाहिए।

एक दो बातें और कहना चाहता हूं कि आकाशवाणी के उदघोषकों का जो आंदोलन चल रहा है, उस बारे में आप सोचिये। उसी तरह वहां बहुत सारे लोग दूरदर्शन में हैं, उनकी समस्याओं के बारे में सोचिये। इसके साथ साथ जब आप इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बारे में बहस कर रहे हैं तो प्रिंट मीडिया के बारे में भी हमारे देश की सरकार को सोचने की आवश्यकता है।

... (व्यवधान)

मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

प्रिंट मीडिया आज की तारीख में कुछ बड़े औद्योगिक घरानों का एक खिलौना बनकर रह गया है, यह मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है। भारत सरकार ने आसान किश्तों पर ज़मीन खरीदकर उन बड़े औद्योगिक घरानों को प्रिंट मीडिया चलाने के लिए दी। उस ज़मीन की कीमत जब महंगी हो गई, भूमि पर बने हुए भवन की किरायेदारी महंगी हो गई तो उस ज़मीन को वहां छोड़कर फिर आसान किश्तों पर ज़मीन लेकर वहां घर बना रहे हैं। इसके बारे में सोचने की ज़रूरत है। इस देश को प्रिंट मीडिया ने विदेशी कंपनियों के भारत में आगमन की सबसे ज़ोर-शोर से तारीफ की, उनकी अगवानी की लेकिन जब प्रिंट मीडिया में विदेशी आने लगे तो उसका पुरजोर विरोध इस देश के प्रिंट मीडिया ने किया। उसमें काम करने वाले अखबार, काम करने वाले रिपोर्टर क्या कभी सोचने की बात करते हैं कि उनके ऊपर मिनिमम वेजेज़ ऐक्ट का जो कानून था, वह भी कभी लागू होगा? बड़े व्यापक पैमाने पर पत्रकार चार दिन, दस दिन ठेकेदारी पर काम कर रहे हैं। इस

देश के बड़े-बड़े अखबार ठेकेदारी पर पत्रकारों को रखने का काम कर रहे हैं। संपूर्ण मीडिया के चरित्र के बारे में केवल इलैक्ट्रानिक मीडिया ही नहीं बल्कि प्रिंट मीडिया पर भी एक समन्वित दृष्टिकोण अपनाने की ज़रूरत है। तब हम इस समाज में एक सभ्य समाज की तरह काम करने की कोशिश करेंगे।

इसी सुझाव के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करते हुए आपको धन्यवाद देता हूं।

MR. CHAIRMAN : Prof. Kurien, please be brief and take only three minutes.

">PROF. P.J. KURIEN (MAVELIKARA): Sir, from our Party, we have given only two names, that is, the name of Shri P.C. Chacko and myself. If the Chair allows me, I will speak. Otherwise, I will not speak.

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): Sir, he should be allowed to speak.

2044 hours

PROF. P.J. KURIEN (MAVELIKARA): So kind of you and thank you, Madam.

Sir, I will not take much of your time, but I may go beyond three minutes. However, I will try to be brief and to the point. I am not going to refer to any controversial issue. But I have certain concerns which I would like to express. I would like to know as to how the hon. Minister is going to address those concerns.

I am not against autonomy, as referred to in this Bill or in the previous Ordinance. There is no need for going into that because much has already been said about that. So, I am not going into that. But I would like to know what you are going to do in respect of what I call as `cultural invasion' which is undermining our very basic tenets today.

As Shri P. C. Chacko has said these electronic beams can be bombarded from anywhere outside into our country and these are totally alien to our culture. The result is that our younger generation also become alien to our culture. There are a number of channels and all that. I do not know which one of them you can switch on and see with your family and children. I am very sorry to say that. There are lot of TV channels, CTV and all that. I have not allowed those to enter my house.

SHRI RAM NAIK: They are going into other houses also.

PROF. P.J. KURIEN : That is what I am saying. I have not alowed those to enter my house because I know that if you switch on especially in the nights, what is being broadcast is nothing but vulgarity and obscenity and what not. I may have some difference with the hon. Minister on many things. I may have difference of opinion with the hon. Minister on this point also. But I am one who welcomed your statement when you became the Minister that you will have some control on this kind of media propaganda.

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति महोदय, मेरी प्रार्थना है कि जिन सदस्यों ने बोला है, वे जवाब सुनने के लिए जरूर बैठें।

प्रो. पी.जे. कुरियन : मैडम, डिनर भी दीजिए।

(Interruptions)Let me complete. Please do not disturb me. What can I do? They are giving running commentaries.

I would like to know how you would ensure and address to this concept which I have expressed whether this Bill has autonomy or Ordinance has autonomy. This is the first point I would like to know. How do you ensure that the programmes which are through the Doordarshan at least are those which will emanate and generate some kind of pride among our youths? Is there any way by which you can control these alien, vulgar, obscene media bombardment that is coming to this country? How do you ensure that? Please address to this quesyion.

The second point which I would like to make is this. The hon. Minister said that she is one who does not want to bypass Parliament. She wants the Bill to come through Parliament. I welcome and I am happy that in the Business Advisory Committee also, this assurance was given that Parliament will not be bypassed and that the legislative process that has been set in motion today will be taken to its logical conclusion and that the Bill will be passed by Parliament only if it is passed in the Lok Sabha, then taken to Rajya Sabha and passed there also. So, it was assured to us that that process will be adopted and that no shortcut method will be adopted. Please ensure also, as you said that you want the Parliamentary process and that you do not want a shortcut method and, for that matter, you criticised your predecessor Shri S. Jaipal Reddy also.

Therefore, I hope she will stick to that assurance. I would also further like to clarify one point. We said that we may have differences of opinion in respect of the Bill but we would allow the Bill to be passed. So far, there were objections and all that. But we will allow that the Bill be passed. That is why, my dear friend Shri Khanduri, I have not issued a whip and ensured the presence of my Members. It is not that our Members are not interested. I did not issue a whip because I want to honour the commitment given to you. But let me see you also honour the commitment given to us.

The third point which I would like to make is that much has been said about the hon. Minister Shrimati Sushma Swaraj's discussion with the Opposition Parties. I have also had the privilege of having a discussion with Shrimati Sushma Swaraj. Some offer was made. That was about the constitution of the Selection Committee. I thought that she would move an amendment to the Bill with regard to the constitution of the Selection Committee. I do not know whether she has gone back on that offer. About the offer, I need not spell out here. Madam, you yourself know what is the offer to enlarging the Selection Committee...(Interruptions) Please have some patience. This is such an important Bill. If I am not making a sense, then I sit down...(Interruptions) They should know. It is I who said that two hours' time can be extended to complete the business. It is to cooperate with them. But they do not understand.

MR. CHAIRMAN : Prof. Kurien, please conclude now.

... (Interruptions)

PROF. P.J. KURIEN : If they do not understand what is cooperation, then, I am sorry...(Interruptions)

Coming to my point, I thought that the hon. Minister would bring forward an amendment expanding the Selection Committee. I would like to know whether she sticks to that or she goes by this.

Sir, these are the only three questions which I wanted to put. I hope the hon. Minister will reply to these questions.

*m10

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, कुल जमा आठ संसद सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया है। मैं सबसे पहले तो सब का धन्यवाद करती हूं।

कुछ विषय साझे तौर पर उठाये गये हैं, दोहराये गये हैं, कुछ विषय अलग-अलग उठाये गये हैं। मैं चाहूंगी कि हर प्रश्न का, जो यहां उठाया गया है, उसका उत्तर यथाशक्ति दे दूं।

सबसे पहले जयपाल रेड्डी जी ने दूसरी तरफ से चर्चा की शुरूआत की। मैंने जयपाल रेड्डी जी के अच्छे भाषण भी सुने हैं और उन्हें सराहा भी है, लेकिन आज या तो अपने पीछे समर्थन न दिखने के कारण और खास तौर पर लालू प्रसाद जी और मुलायम सिंह जी का समर्थन हट जाने के कारण वे इतने हताश और निराश हो गये थे कि आज उनका भाषण सुनकर मुझे भी निराशा हुई। उनके भाषण का पहला पार्ट तो पूर्ण रूप से असत्य का पुलिन्दा था और दूसरा पार्ट स्वयं को महिमामंडित करने का भरपूर प्रयास था। उन्होंने खड़े होते ही पहले मुझसे यह आश्वासन चाहा कि मैं पार्लियामेंटरी प्रोसीजर को स्कटल नहीं करूंगी और यह बिल राज्य सभा में लेकर जाऊंगी। जयपाल जी, जब आप यह बात कर रहे थे तो मुझे रामायण की वह चौपाई याद आ रही थी, 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे।' आप तो न लोक सभा में ले गये, न राज्य सभा में। सम्मन हुई पार्लियामेंट में अध्यादेश किया, केयर टेकर गवर्नमेंट ने अध्यादेश किया और मुझसे आप यहां बैठकर

... (व्यवधान)

केयर टेकर गवर्नमेंट थी। मैं तारीख बता देती हूं, जब आपने आर्डिनेंस प्रोमलगेट किया। आपकी सरकार जा चुकी थी। ... (व्यवधान) हां, रीप्रोमलगेशन ही कह रही हूं। मैं शब्द का सही इस्तेमाल कर रही हूं। मुझसे ये आश्वासन मांगते हैं कि मैं राज्य सभा में ले जाऊंगी। आप सब को मालूम है, मैंने तो बिल राज्य सभा में ले जाने के लिए ही २१ जुलाई को लगवाया था।

२१ जुलाई को आर्डर पेपर में, इस सदन की कार्यसूची में बिल लिस्टेड था। २२ तारीख को चर्चा कराते, २३ तारीख को चर्चा कराते। उसके बाद ५ तारीख तक दो सप्ताह राज्य सभा चली। निश्चितरूप से बिल राज्य सभा में जाता, लेकिन आपने बी.ए.सी. में झगड़ा किया, आपने कहा कि बिल स्टेंडिंग कमेटी में जाना चाहिए, तो उसके बाद रिक्वेस्ट करके, रिफरबैक कराकर मैं वापस बिल यहां लेकर आई। अगर राज्य सभा की बी.ए.सी. के पास समय है तो वह तय करे। मैं यहां कैसे आश्वासन दूं आपको, तीन दिन का सत्र है। अगर राज्य सभा के चेयरमैन कहते हैं, तो ठीक है। मैं तो लोक सभा से पारित कराकर बिल वहां ले जाऊंगी। समय उनको तय करना है, उनके पास समय होगा तो बिल आएगा, वरना नहीं आएगा। लेकिन आप मुझ से यह आश्ववासन चाहते हैं कि मैं राज्य सभा में ले जाऊंगी। मेरी नीयत में खोट होता तो बिल आखिरी दिन लाती। आपने यह भी एक असत्य बात कही कि मैं ६ जून को लाई, उसके बाद मैं सो गई।

I slept over the Bill.

अच्छा हुआ यहां आज बहुत कम लोग हैं। लेकिन अच्छा हुआ कम से कम प्रोफेसर कुरियन बैठे हैं। प्रोफेसर कुरियन जी, आप साक्षी हैं इस बात के कि मैंने आपसे कहा था कि फिर २१ दिन का ब्रेक आ जाएगा, पहले खंड में ही बिल पारित करवा लें। मैंने भरपूर कोशिश की कि पिछले सत्र में बिल लगे और पारित हो। लेकिन हर तरह से स्कटल करने की कोशिश की गई। इस बार भी यह जिद थी कि बिल स्टेंडिंग कमेटी को चला जाए और संसद में चर्चा के लिए नहीं आए। मैंने कहा कि अगर स्टेंडिंग कमेटी में जिसमें १०, २० या ४५ सदस्यों के बीच जाना है तो क्यों न ५४० सांसदों के बीच में जाए। मैं तो ५४० सांसदों के बीच में चर्चा कराने को तैयार थी। आप मुझ पर आरोप लगाते हैं कि मैं संसदीय समिति के प्रस्ताव को स्कटल करना चाहती हूं। अगर आप २१ को लगा बिल २२-२३ को पास कराते तो निश्चित ही राज्य सभा में जाता। मैं नहीं कह सकती कि राज्य सभा की बी.ए.सी. के पास इस बिल के लिए समय है या नहीं।

जैसा मैंने कहा था कि दो-तीन बातें दो-तीन लोगों ने कहीं, जयपाल रेड्डी जी का जवाब इसमें आ गया है। हन्नान मोल्लाह जी ने भी यही बात कही थी, आपकी मंशा साफ नहीं है और बैठते-बैठते कुरियन साहब ने यह प्रश्न उठाया, आप तीनों की बातों का मैं समाधान इसमें कर रही हूं।

जहां तक आपने कहा कि आपने संसदीय समिति इसलिए स्कटल कर दी कि तब स्टेंडिंग कमेटी नहीं थी, अब आ गई है। आपके जो हावभाव थे कहने के, हमारे यहां राम नाईक जी बहुत आब्जर्व करते हैं, उन्होंने इस बात को पकड़ लिया और बीच में इंटरवीन करके कहा कि आपने संसद को थोड़ा बिलिटिल करने की कोशिश की। यह सही है, आपके यही हावभाव थे। आपने कहा कि इस पर स्टेंडिंग कमेटी बैठेगी, प्रसार भारती पर कंसलटेटिव कमेटी बैठेगी, अब उसके ऊपर फिर कमेटी बैठेगी।

SHRI S. JAIPAL REDDY: How many Committees?

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं बताने की कोशिश कर रही हूं कि कितनी कमेटी हैं। कंसलटेटिव कमेटी का यह काम ही नहीं है। आप तो पुराने पार्लियामेंटेरियन हैं। जहां तक स्टेंडिंग कमेटी का सवाल है, आप जानते हैं कि स्टेंडिंग कमेटी आई.बी.एम. की और कम्युनिकेशन की इकट्ठी कमेटी है। अगर वह प्रसार भारती को देखने लगेगी तो शायद एक वर्ष में एक दिन प्रसार भारती को देखने का उसे समय मिलेगा और वह भी एक घंटे का समय मिलेगा।

श्री एस. जयपाल रेड्डी : क्यों?

श्रीमती सुषमा स्वराजः क्यों इसलिए कि आई.बी.एम. के बहुत विंग हैं, कम्युनिकेशन के उससे ज्यादा विंग हैं। दोनों को मिलाकर एक कमेटी बनी हुई है जो बजट के दिनों में केवल बजट देखती है, डिमांड फार ग्रांटस देखती है। उसके बाद एक-एक विषय को लेने लगे तो एक साल में प्रसार भारती का नम्बर आएगा। इसलिए यह कहना कि स्टेंडिंग कमेटी पर्याप्त होगी, यह सही नहीं है। आपको मालूम होगा कि जब संसदीय समिति का प्रोविजन आया था तो उपेन्द्र जी ने कहा था कि ठकोपू' के घेरे में न आए, अलग से स्टेटस मिले इसके लिए संसदीय समिति का प्रावधान किया गया। यह प्रस्ताव इधर से आया था, माना इधर से गया था। उस समय ये लोग इधर बैठते थे, लेकिन कांग्रेस का प्रस्ताव था, बी.जे.पी., सी.पी.आई. और सी.पी.आई. (एम.) ने स्वीकार किया था। तब यह संसदीय समिति आई थी, जिसको आपने स्कटल कर दिया, इस नाम पर कि स्टेंडिंग कमेटी आएगी। मैं समझती हूं आपको अपने इस प्रश्न का भी जवाब मिल गया। एडिटोरियल की मुबारकवाद आपने दी, इसके बाद जो भी एडिटोरियल आएंगे वह भी मैं आपको पढ़ने के लिए दे दूंगी।

सभापति जी, जहां तक चाको भाई का सवाल है, शायद मैंने इससे पहले इतनी हल्की बहस नहीं सुनी। मुझे दुख है यह बात कहते हुए कि इतने हल्के स्तर पर वे उतर आए। उन्होंने सबसे पहले बात ही गलत शुरू की कि रूलिंग पार्टी चर्चा से भाग रही थी। आप साक्षी हैं चेयर पर बैठे हुए, मैंने बिल मूव करते हुए एक बार भी नहीं कहा कि बिना चर्चा के यह बिल पास हो। यह प्रस्ताव उधर से आया था, विपक्षी बैंच से आया था, दो नेताओं की तरफ से आया था। मैंने रिस्पांड करते हुए कहा कि अगर हाउस चाहे तो ठीक है, वरना मैं चर्चा के लिए आठ घंटे भी बैठने को तैयार हूं। फिर भी उन्होंने इस बात से अपनी बात प्रारम्भ की कि रूलिंग पार्टी चर्चा से भाग रही थी। लेकिन उसके बाद एक के बाद एक उन्होंने ऐसे हावभाव पैदा किए कि शायद जयपाल रेड्डी जी ने तो ५ प्रतिशत बिलिटिल किया था, लेकिन आपने ९९ प्रतिशत बिलिटिल किया है। मैं बताना चाहती हूं आपने कहा कि ये लोग व्हिप के कारण बैठे हैं, ये चर्चा में रुचि नहीं रखते हैं।

It is a reflection on your fellow colleagues.

जो लोग यहां बैठे हैं, कितने इत्मीनान से चर्चा को सुन रहे हैं, इसमें भाग ले रहे हैं, अपना नाम बोलने के लिए दिया है।

21.00 hrs.

आप कहते हैं:

They are not interested in the discussion.

जबकि उन्होंने बोलने के लिए नाम दिए हैं। आपने कहा कि वे केवल व्हिप के कारण बैठे हैं और पार्लियामेंटरी कमेटी को प्रोपेगेंडा मीडियम के लिए हथियार बनाया गया। अच्छा हुआ जो मोहन सिंह जी बोले। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या मोहन सिंह जी का भाषण मैनिपुलेटेड सपोर्ट का भाषण था? क्या लालू यादव जी का भाषण मैनिपुलेटेड सपोर्ट का भाषण था? आपने आरोप लगाया कि पार्टी ऑफिसेज में जाकर समर्थन मैनिपुलेट किया गया है। आप बताएंगे कि मैं किस पार्टी ऑफिस में गई थी? कंसेंसस की बात आप लोग करते हैं। हर विवादास्पद बात पर आप कहते है कि कंसेंसस से काम चलाइए। उस कंसेंसस की भावना को आगे बढ़ाते हुए मैंने फ्लोर लीडर्स को बुलाया। मैंने किसके पार्टी ऑफिस में जाकर बात की? मैंने शरद पवार जी को बुलाया क्योंकि वह लोक सभा के फ्लोर लीडर हैं। मैंने मनमोहन सिंह जी को बुलाया क्योंकि वह राज्य सभा में फ्लोर लीडर हैं। मैंने संगमा जी को बुलाया क्योंकि वे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और उपेन्द्र जी को बुलाया क्योंकि आज वह आपकी पार्टी में हैं मगर इस बिल को लाने वाले वह थे। क्या यह मैनिपुलेशन है? मैंने सी.पी.एम. के श्री सोमनाथ चटर्जी जी को बुलाया क्योंकि वह यहां के फ्लोर लीडर हैं। मैंने विप्लव दास गुप्ता जी से बात की क्योंकि वह वहां के लीडर हैं। मैंने सी.पी.आई. के इंद्रजीत गुप्ता जी से बात की क्योंकि वह यहां के फ्लोर लीडर हैं। मैंने गुरुदास दासगुप्ता जी से बात की क्योंकि वह वहां के फ्लोर लीडर हैं, इन सबको अपने यहां बुलाकर बात की। मैं किसी पार्टी ऑफिस में नहीं गई। मैंने कहीं समर्थन की भीख नहीं मांगी। कंसेंसस की बात करते हुए मैंने सभी पार्टी के लीडर्स को कमरा नं. ६२ में बुलाया जहां अपनी बात रखी और आप कहते हैं कि यह मैनिपुलेटेड सपोर्ट है। जिस समय मोहन सिंह जी बोल रहे थे, एक-एक शब्द उनके हृदय से निकल रहा था। वह निष्ठा से बोल रहे थे। आप मुझे ऑटोनॉमी का सबक सिखाएंगे? कम से कम ऑटोनॉमी का सबक मैं चाक्को जी से नहीं सीखने वाली। उधर बैठने वाले कांग्रेसियों से मैं अटॉनोमी का सबक नहीं सीखने वाली।

जिस बिल को दोनों सदनों ने सर्वसम्मति से पारित किया, उस बिल को सात साल तक आपकी सरकार ने ठंडे बस्ते में दबाए रखा। उस बिल को मोटीवेट किया जाए, जिसके लिए मैं और जयपाल जी खाक छानते रहे। आज आप इधर बैठकर मुझे ऑटोनॉमी का सबक सिखाएंगे? आज आप मुझे बताएंगे कि मीडिया की ऑटोनॉमी की प्रतिबद्धता क्या है? मैं जयपाल जी को बताना चाहती हूं कि यह मीडिया की ऑटोनॉमी इधर से नहीं निकली। यह विचार १९७७ का है जिस समय और कोई नहीं आडवाणी जी हिन्दुस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी और जिस बात को थोड़े संकोच से सुरेन्द्र जी ने कहा लेकिन बाद में मोहन सिंह जी ने कह दिया कि जब हम लोग इमर्जेंसी समाप्त करके, संघर्ष समाप्त करके जयप्रकाश जी के आंदोलन में उनके साथ रहकर यहां आए थे, हमारा लक्षय था कि हम उस मीडिया को सरकारी जकड़ से निकालें। उस समय बात हुई थी। आडवाणी जी ने उस समय इसे प्रसार भारती का नाम दिया था। तेरह साल रहकर आप लोगों की सरकार गई। वापस जब गैर-कांग्रेसी सरकार आई तो बिल पारित हुआ। लेकिन गैर-कांग्रेसी सरकार के जाते ही आपकी सरकार आई तो आपने बिल नोटिफाई नहीं किया। सात साल तक दबाए बैठे रहे। आपके प्रवक्ता का वक्तव्य भी रिकार्ड पर है कि मीडिया को ऑटोनॉमी नहीं देनी चाहिए और आज के समय में तो बिल्कुल नहीं क्योंकि सैटेलाइट चैनल्स आ गए हैं। बहस में मैं और जयपाल जी इकट्ठा थे। गाडगिल जी साफ-साफ कहते हैं कि ऑटोनॉमी नहीं देनी चाहिए, आपके बाकी लोग भी कहते हैं कि नहीं देनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि मैं उस विचार की कद्र नहीं करती।

I can agree to disagree.

अगर आपका यह विचार है कि सरकारी कंट्रोल रेडियो और दूरदर्शन पर बना रहना चाहिए तो यह विचार आपके हो सकते हैं। आपको पूरा हक हासिल है। लालू यादव जी के विचार ऑटोनॉमी के बारे में बदले हैं। शायद वह ऑटोनॉमी के दुरुपयोग के भुक्तभोगी हैं। उनको भी उनके विचार मुबारक हो। वे अपने विचार रख सकते हैं लेकिन कम से कम ऑटोनॉमी समाप्त करने के लिए लोग खड़े होकर हमें ऑटोनॉमी का सबक न सिखाएं। ऑटोनॉमी के प्रति मेरी और मेरी सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्टता से आगे जाकर उजागर हुई है।

`Autonomy with accountability'

मैं जवाबदेही के साथ स्वायत्तता लाना चाहती हूं, इसलिए यह बिल लेकर आई हूं। लेकिन स्वायत्तता को डाइल्यूट करना चाहती हूं, यह भनक दूर तक नहीं रहनी चाहिए। लालू यादव जी की बात मैंने कह दी, वह ऑटोनॉमी के दुरुपयोग के भुक्तभोगी हैं। मैं उनको धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने इस बिल का समर्थन किया। हन्नान मोल्लाह जी की एक बात का जवाब देना चाहती हूं, आपने उम्र के बारे में पूछा है कि टेलीकॉम ऑथोरिटी के चेयरमैन की उम्र क्या है?

आपने काउन्सिल की उम्र के बारे में कहा। मैं अदब से हन्नान मोल्लाह जी को बताना चाहती हूं कि प्रसार भारती के चेयरमैन की उम्र नहीं है। यह सवाल कार्यकारी अधिकारी के बारे में हो रहा है। जहां तक चेयरमैन का सवाल है, चेयरमैन के लिए उम्र का कोई औचित्य भी नहीं है। प्रसार भारती के चेयरमैन निखिल चक्रवरती जी की उम्र ८५ बरस की थी, कभी एक शब्द भी उनकी उम्र के बारे में नहीं कहा गया।

CEO

कार्पोरेशन का एम्पलायी होता है। मुझे किसी संस्था के एम्पलायी के बारे में बता दीजिए कि उनकी रिटायरमेंट की एज होती है या नहीं। रियारमेंट की एज **CEO**

कार्पोरेशन एम्पलायी के नाते रखी गई है। चेयरमैन यहां भी बिना उम्र के हैं। इसलिए आपकी इस धारणा में यह बात नहीं बैठती है और प्रसार भारती में भी चेयरमैन की कोई उम्र नहीं है। आपने नीतीश सैनगुप्त के बारे में कहा। जयपाल रेड्डी जी जानते हैं, नीतिश सैनगुप्ता की रिपोर्ट के बारे में चर्चा भी नहीं हुई है, न मानना तो बहुत दूर की बात है। अगर इस रिपोर्ट पर चर्चा हुई होती, तो आर्डिनेंस किसी और ढंग का बनता, इस ढंग का नही बनता।

आपने बोर्ड में स्टेट रिप्रजैंटेशन की बात कही है। मुझे लगता है कि जो चयन समिति है, वह निश्चित तौर पर इस बात का ख्याल रखेगी कि इस तरह की बाडी में सभी रीजनल रिप्रजेंटेशन हों। जहां तक सुरेन्द्र जी का सवाल है, मैं उनको धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने इस बिल का भरपूर समर्थन किया है।

श्री लालू प्रसाद : जो सपोर्ट किया है, वह तो रहना चाहिए।

श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदय, मोहन सिंह जी के भाषण की मैं पहले ही दाद दे चुकी हूं। बहुत ही मानसिक वेदना से और अन्तरनिष्ठा से बोल रहे थे। लेकिन मैं एक बात साफ करना चाहती हूं। आपको प्रवोकेशन इतनी सी बात से हो गया कि तीन सौ करोड़ रुपए की सम्पत्ति पांच हजार करोड़ रुपए में। मैं उनको बताना चाहती हूं कि दो हजार करोड़ रुपए का वार्षिक बजट है और ४० हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की सम्पत्ति ट्रांसफर हुई है।

जहां तक प्रो. कुरीयन जी के प्रश्नों का सवाल है, उन्होंने तीन प्रश्न किए हैं। एक का जवाब, जो कि राज्य सभा से संबंधित था, वह मैंने जयपाल जी की बात का जवाब देते हुए दे दिया था। जो आपका सबसे पहला कन्सर्न है, मैं हैरान हूं कि आपके इस कन्सर्न पर आपकी ही पार्टी के मैम्बर ने शेयर नहीं किया। चाको साहब ने यह नहीं कहा था कि सैटेलाइट चैनल का मुकाबल कैसे करेंगी, बल्कि उन्होंने ब्राडकास्टिंग काउन्सिल की खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि इसकी जरूरत क्या है, एज-ऑफ-इन्फार्मेशन में तो कुछ रुक नहीं सकता है। जो कुछ आएगा, वह सब दिखाया जाएगा। मैं चाको साहब को बताना चाहती हूं कि यह सरकार असहाय नहीं है, निश्चित रुकेगा। यह कैसे रुकेगा, उसके बारे में मैं आपको प्रावधान बता देती हूं। केवल दूरदर्शन पर ही नहीं, सैटेलाइट चैनल का सांस्कृतिक प्रदर्शन भी रुकेगा। आपने कल्चरल इवेजन की बात कही है, मैं उसी की हिन्दी करके सांस्कृतिक प्रदर्शन की बात कह रही हूं, लेकिन चाको जी समझते हैं कि कोई इवेजन नहीं हो रहा है।

SHRI P.C. CHACKO : Madam, you are talking in Parliament. Why do you promise what you cannot do? (Interruptions) It is impossible. I know very well that you cannot do it.

श्रीमती सुषमा स्वराज : आपके लिए इम्पोसिबल होगा, लेकिन इस सरकार के लिए इम्पोसिबल नहीं है। हम इसको पोसिबल करके दिखायेंगे। प्रोफैसर कुरीयन जी हम ब्राडकास्टिंग बिल ला रहे हैं, जिसमें मैंडेटरी अप-लिंकिंग का प्रावधान है। इस बात को जयपाल रेड्डी जी जानते हैं। मैंनडेटरी अपलिंकिंग में जो भी सैटेलाइट चैनल यहां आएगा, उसको भारतीय भूमि से अपलिंक करना होगा। जब भारतीय भूमि से अपलिंक करेंगे, तो वह हमारे एडवर्टिजमेंट कोड से गवर्न होगा और हमारे प्रोग्राम कोड से गवर्न होगा। जो हमारे कोड का उल्लंघन करेगा, जो हमारे एडवर्टिजमेंट कोड का उल्लंघन करेगा, उस लाइसैंस कैंसिल करने का भी अधिकार इस सरकार को होगा। मामला हिन्दुस्तान की कोर्टस में ले जाकर शुरू किया जा सकेगा। इसलिए आपका कन्सर्न मैं पहले से शेयर करती आई हूं, सदन के अन्दर भी और सदन के बाहर भी और उसी चिन्ता को मैंने व्यक्त किया है।

SHRI S. JAIPAL REDDY : Will you yield for a moment?

THE MATION AND BROADCASTING AND MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): Yes, I will.

SHRI S. JAIPAL REDDY (MAHBUBNAGAR): I do not have any question on this Bill.

In the 1990 Act, the role of a regulator has also been conferred on the Prasar Bharati because at that time nobody could envisage the mushroom growth of private channels which the 1990s witnessed. Later, we all felt the need for a Broadcasting Authority about which you have not taken any step whatsoever. Do I therefore assume or conclude that the Prasar Bharati will also be a regulator?

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): जयपाल जी, मैंने आपसे कहा कि अगर इस समय प्रसार भारती लाना न पड़ता तो मैं इसी बार ब्राडकास्टिंग बिल ही लाती, जिसमें ब्राडकास्टिंग रेगुलेटरी आथोरिटी की व्यवस्था है। आपको मालूम है कि पिछली बार जो आपका ब्राडकास्टिंग बिल था वह जेपीसी को गया था और जेपीसी में बहुत एविडेंस थे लेकिन उसमें से थोड़ा एविडेंस आया। इसके पहले कि चर्चा शुरू हो सकती, लोकसभा डिजोल्व हो गई। इसलिए अब उसी एविडेंस के आधार पर मैं उस बिल को मोडीफाई कर रही हूं। जहां तक ब्राडकास्टिंग बीआरएआई का सवाल है, तमाम चीजों को लाकर अगले सत्र में ब्राडकास्टिंग बिल लाने की तैयारी हम लोग कर रहे हैं। इसलिए वह बिल सेटल नहीं हुआ है।

... (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY (MAHBUBNAGAR): My doubt is, since the 1990 Act is being restored to its prestine shape, the role of regulator will be retained in the Prasar Bharati. In the Ordinance I have removed all such things that conform regulatory power to Prasar Bharati.

श्रीमती सुषमा स्वराज : जब तक नया ब्राडकास्टिंग बिल नहीं आता तब तक यह चलेगा, जब नया ब्राडकास्टिंग बिल आ जाएगा और नई रेगुलेटरी आथोरिटी बन जाएगी, उस समय ये दोनों चीजें बाइफरकेट हो जाएंगी। मुझे नहीं लगता कि अब एक भी प्रश्न किसी का बाकी बचा हो, जिसका उत्तर मैंने नहीं दिया हो।

... (व्यवधान)

आपके दो प्रश्न थे- एक आपने राज्यसभा वाला प्रश्न पूछा था और दूसरा आपने सेटेलाइट चेनल्स के बारे में पूछा था।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Let the Minister complete the reply.

श्रीमती सुषमा स्वराज : आपके यही प्रश्न थे, और कोई प्रश्न नहीं था। हां, आपका एक सवाल और था। आपका एक सवाल यह था, जब हमने बातचीत की थी तो मैंने कोई आफर की थी। उसके बारे में आपने पूछा कि मैं अमेंडमेंट ला रही हूं या नहीं। पहले तो मैं आपको करेक्ट कर दूं कि मैंने आफर नहीं की थी, मैंने आपकी आफर को रेसपोंड किया था। आपने यह कहा था कि यह जो सलैक्शन कमेटी है, क्या इसका दायरा बड़ा हो सकता है और इसमें लीडर आफ अपोजिशन आ सकते हैं, मैंने कहा कि अगर लीडर आफ अपोजिशन आएंगे तो लीडर आफ हाउस भी आएंगे। आपने कहा ठीक है। उसके बाद आपके अपने घर में झगड़ा हो गया और आपके यहां लीडर आफ अपोजिशन का पावर ग्रुप अलग बन गया, दूसरा पावर ग्रुप अलग बन गया। आपने उस आफर को वहीं छोड़ दिया, दोबारा कभी आकर उस आफर के बारे में मुझ से बात नहीं की। मैंने यह भी कहा था कि जहां तक अमेंडमेंट का सवाल है, आप अमेंडमेंट ले आइए, मैं स्वीकार कर लूंगी, यह बात हुई थी। लेकिन बाद में खुद ही आपके लोगों ने कहना शुरु कर दिया कि यह अमेंडमेंट मत लाइए। लीडर आफ अपोजिशन लेंगे तो फलां आदमी आएगा और हम नहीं चाहते कि वह आए। इसलिए आप लोगों के यहां से पावर स्ट्रगल ने उस आफर को समाप्त किया। अमेंडमेंट आपने लाना था, हमने स्वीकार करना था। ... (व्यवधान)

PROF. P.J. KURIEN : Why should I come to you again when you have already accepted my suggestion? You yourself should have brought the amendment.

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप अमेंडमेंट लाइए। मैं सदन में कहना चाहती हूं, ... (व्यवधान)

PROF. P.J. KURIEN : You have said that you have accepted that suggestion.

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं कह रही हूं कि अगर आप अमेंडमेंट लाते तो मैं स्वीकार करती। मैंने अपने सब नेताओं से बात कर ली थी कि अगर लीडर आफ अपोजिशन अमेंडमेंट लाएंगे।

... (व्यवधान)

प्रो. पी.जे. कुरियन : मेरा सजेशन आपने स्वीकार कर लिया।

... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : हां, बिलकुल स्वीकार कर लिया था।

प्रो. पी.जे. कुरियनः तो आप ही अमेंडमेंट ले आतीं।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं सरकारी अमेंडमेंट क्यों लाऊं।

... (व्यवधान)

आपके घर वालों ने कहा, आप ही की पार्टी वालों ने कहा कि अब हमारी यह आफर नहीं है, हमारे घर में झगड़ा हो गया है, अब हमको लीडर आफ अपोजिशन नहीं चाहिए, इसलिए मैं वह अमेंडमेंट नहीं लाई।

SHRI S. JAIPAL REDDY : I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: Let the Minister complete the reply.

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, यदि वह अमेंडमेंट आता,

... (व्यवधान)

SHRI S. JAIPAL REDDY : I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: You cannot raise a point of order during the course of the reply. I will give you a chance later.

श्रीमती सुषमा स्वराज : यदि यह अमेंडमेंट कांग्रेस की तरफ से प्रो. कुरियन जी की तरफ से आता तो मैं निश्चित रेसपोंड करती और मैं आपसे कह रही हूं कि मैंने अपने यहां सबसे बात कर ली थी, मैं पोजिटिवली रेसपोंड करती लेकिन आप तो अमेडमेंड लेकर आए नहीं, इसलिए मेरी तरफ से अमेंडमेंट आने का प्रश्न कहां पैदा होता है।

सभापति जी, मैं सभी प्रश्नों का उत्तर देने के बाद अब मैं सबसे चाहूंगी, चाहे किसी ने विरोध में भाषण दिया तो भी अच्छा यह होगा कि इस बिल को सर्वसम्मति से पारित किया जाए।

MR. CHAIRMAN: Shri Jaipal Reddy, what is your point of order?

SHRI S. JAIPAL REDDY : My point of order is this. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: What is your point of order?

... (Interruptions)

SHRI S. JAIPAL REDDY : I would like the hon. Minister to note this. In the course of the discussion in the House, no Minister or a Member is supposed to quote a private conversation. ... (Interruptions)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: He only quoted. I did not quote. ... (Interruptions) I only said,

कि मैंने एक ऑफर की थी आप खुलासा करिये कि उसका अमैंडमेंट ला रही हैं या नहीं। बाद में भी उन्होंने कहा कि आपने रैस्टोर नहीं किया।

SHRI S. JAIPAL REDDY : Whosoever has done it, it is wrong.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: He has done it. I have only responded.

SHRI S. JAIPAL REDDY : Anyway, you may note it.

PROF. P.J. KURIEN : I did not say about any offer. Let me clarify. What I said was, some suggestions for enlarging the Selection Committee. I was asking for her reaction. I did not say about any offer.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: I reacted.

PROF. P.J. KURIEN : You said about some offer.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: No. You said that.

आप निकलवाइये। ... (**Interruptions)**

श्री लालू प्रसाद : हम लोग तो सुषमा जी बिना आपके सम्पर्क किए, न आपने सम्पर्क किया, न कार्यालय में बुलाया, फिर भी हम इसको पास कर रहे हैं। चयन समिति में लीडर अपोजीशन और आपने कहा कि लीडर हाउस हो जाएं।

... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराजः इन्होंने कहा।

श्री लालू प्रसाद : जिन्होंने कहा। जब इन दोनों के बीच झगड़ा हो गया तो हम लोग तो बैठे हैं।

MR. CHAIRMAN : Okay. Now, we shall take up amendment to motion for consideration. Amendment No. 1, Shri Varkala Radhakrishnan. Are you moving your amendment?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Yes. I am moving.

Sir, I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 7th September, 1998." (1)

I moved my amendment because let the public have a say in the matter, since it is a question of autonomy. I press my amendment also.

MR. CHAIRMAN: Shri A.C. Jos - Not present.

Dr. T. Subbarami Reddy - Not present.

Shri Anand Pathak - Not present.

MR. CHAIRMAN: I shall put amendment No.1 to the Motion for Consideration, moved by Shri Varkala Radhakrishnan to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill to amend the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) Act, 1990, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. CHAIRMAN: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

Clause 3

MR. CHAIRMAN: There is an amendment by Shri Suresh Kurup.

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): Sir, I move my amendment and I also want to speak.

I beg to move:

Page 3,--

for lines 26 to 28,--

substitute--

"(i) three representatives of the employees of the Corporation of whom one shall be elected by the engineering staff from amongst themselves, one shall be elected by the programme staff from among themselves and one shall be elected by the other employees from amongst themselves." (18)

... (Interruptions) Why are you so impatient?

Sir, there is a provision in the Bill for electing two representatives from the staff of AIR and Doordarshan, one from among the engineering staff and another from the rest of the staff. The programme cadre is the most important factor in both AIR and Doordarshan. Since they are in a minority, they may not get elected to the Prasar Bharati Board. So, my suggestion is that the number of representatives of the employees should be three, one from the engineering staff, another from the programme cadre and the third from the rest of the staff.

I seems that Shri Jaipal Reddy had earlier given an assurance to the employees to that effect. So, my request is that the Government should accept this amendment.

MR. CHAIRMAN: Now, I shall put amendment No. 18 to Clause 3, moved by Shri Suresh Kurup to the vote of the House.

The amendment was put and negatived.

MR. CHAIRMAN : The question is:

"That clause 3 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 3 was added to the Bill.

Clause 4 was added to the Bill.

Clause 5

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, are you moving your amendment?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I beg to move:

"Page 4, line 19,--

for "sixty-two years"

substitute "sixty-five years" (2)

"Page 4,--

omit lines 20 to 25." (3)

"Page 4,--

omit lines 34 and 35." (4)

Lines 20 to 25 are not essential and so, they may be omitted.

MR. CHAIRMAN: Dr. Subbarami Reddy, Prof. Rupchand Pal and Shri Banatwalla are not present.

Now, I shall put amendment Nos. 2,3 and 4 to clause 5 moved by Shri Radhakrishnan to the vote of the House.

The amendments were put and negatived.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That clause 5 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 5 was added to the Bill.

Clauses 6 to 9 were added to the Bill.

Clause 10

MR. CHAIRMAN: Dr. Subbarami Reddy and Shri Banatwalla are not present.

The question is:

"That clause 10 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 10 was added to the Bill.

Clause 11

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, are you moving your amendments?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I beg to move:

"Page 8, lines 13 to 15,--

for "oversee that the Corporation discharges its functions in

accordance with the provisions of this Act and, in particular, the objectives set out in section 12 and submit a report thereon to Parliament"

substitute--

"advise on policy matters" (5)

"Page 8, line 17,--

for "Speaker of the House of the People"

substitute "Central Government" (6)

I am moving my amendments because it is stated that the Parliament Committee nominated under the statute is to oversee the functions of the body. It shows that it will have to supervise and the autonomy will be curtailed. That is my view. For that purpose, I want to remove "oversee" and insert "advise on policy matters". The Committee that is constituted will have the powers of advice on policy matters and not to supervise the function because it is a matter concerning technicalities. Broadcasting, televising, etc. are included under technicalities. It will not be proper for the Committee to advise on technicalities. They can advise on policy matters. So, my amendment is that the word "oversee" or to supervise must be deleted and the words "advise on policy matters" must be substituted in its place. `Oversee' means to completely supervise...(Interruptions)

SHRI S. JAIPAL REDDY (MAHABUBNAGAR): She does not believe in autonomy. Why are you trying to persuade her?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I press my amendment.

Sir, the Speaker of the House of the People need not be dragged on to this process. In that place, the Central Government may do this function. It is not feasible.

Why should the Speaker, who is a non-party person here, be dragged on to this process? So, the Central Government should take up the responsibility and not leave it to the Speaker who is above party considerations and other matters. Whether you agree or not, but I am sure that it will be agreed to in future.

MR. CHAIRMAN: I now put amendment Nos. 5 and 6 to clause 11 moved by Shri Radhakrishnan to the vote of the House.

The amendments were put and negatived.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That clause 11 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 11 was added to the Bill.

Clause 12 was added to the Bill.

Clause 13

MR. CHAIRMAN : Shri Varkala Radhakrishnan. Clause 13, Amendment Nos. 7 and 8.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, I beg to move:

Page 9, line 36, -

after "default" insert -

"even after due notice" (7)

Page 9, line 38 -

for "thereof"

substitute "with the reply received from the

Board, if any" (8)

MR. CHAIRMAN: Now I will put amendment Nos. 7 and 8 moved by Shri Varkala Radhakrishnan to the vote of the House.

The amendments were put and negatived.

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That clause 13 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 13 was added to the Bill.

Clauses 14 to 18 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

____

*m07

">

">SHRI P.C. CHACKO (IDUKKI): I am standing before this House to oppose the Bill presented by Shrimati Sushma Swaraj. Sir, intolerance was shown by the ruling Party...(Interruptions)..